

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 326, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही : पीएम

### प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में अन्य देश भारत की ओर देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। विदेश मंत्रालय और ओडिशा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी



दिखाकर रवाना किया। यह प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्य के मंत्रालयों और विभागों की चार प्रदर्शनियों और प्रचार स्टॉलों का उद्घाटन किया।

समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत भगवान जगन्नाथ और भगवान लिंगराज की पावन धरती पर पूरे विश्व से आए अपने भारतवंशी परिवार का स्वागत करके की। उन्होंने कहा कि यह भारत में जीवंत उत्सवों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा, मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं। हर जगह खुशी का माहौल है। इसके अलावा, 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत वापस आए थे। ऐसे अद्भुत समय में भारत में आपकी उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है। भारत में आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मात्र 10 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। मात्र 10 वर्षों में भारत दुनिया की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही है।

## साइबर सुरक्षा में देशभर में अग्रणी हरियाणा पुलिस

**चंडीगढ़**

साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई राशि रोकने में देशभर में वर्ष-2024 में हरियाणा पुलिस अव्वल रही। हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर ठगों के चंगुल से लगभग 268.40 करोड़ रुपए की राशि बचाई गई है जबकि वर्ष-2023 में 76.85 करोड़ रुपए की राशि बचाई गई। इस प्रकार साइबर अपराधियों से वर्ष-2023 की तुलना में वर्ष-2024 में तीन गुना तथा वर्ष 2022 की तुलना में पांच गुना अधिक राशि बचाई गई। इसके लिए पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने साइबर हरियाणा की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी है।

**कड़ी कार्यवाही तथा लक्षित गिरफ्तारियां**

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। वर्ष-2022 में साइबर अपराधियों के खिलाफ जहां 2165 मुकद्दमें दर्ज किए गए थे वही वर्ष-2023 में 2747 मुकद्दमें तथा वर्ष-2024 में 5511 मुकद्दमें दर्ज किए गए। इसी प्रकार, वर्ष 2022 में हरियाणा पुलिस द्वारा 1078, वर्ष-2023 में 1909 तथा वर्ष-2024 में 5156 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष-2024 में गिरफ्तार किए गए अपराधियों में से 70 प्रतिशत (3555 अपराधी) अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। वर्ष-2024 में हरियाणा पुलिस द्वारा रोजाना औसतन 14 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं।

## धर्मध्वजा को प्रणाम कर पूज्य साधु-संतों के शिविरों में मुख्यमंत्री ने परखे इंतजाम

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

**महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रयागराज महाकुम्भ को सनातन के ध्वजवाहक सभी 13 अखाड़ों का आशीर्वाद प्राप्त है, खाक–चौक परंपरा, दंडीबाड़ा, आचार्यबाड़ा परंपरा तथा तीर्थ पुरोहितों की शुभकामनाएं भी हमारे साथ हैं, ऐसे में यह सुव्यवस्थित आयोजन का एक वैश्विक मानक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता पूज्य संतों से ही है। राज्य सरकार और मेला प्रशासन संतगणों की सभी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मानव सभ्यता और सनातन संस्कृति के सबसे बड़े वैश्विक सम्मेलन महाकुम्भ की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रयागराज के दौरे पर थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी स्वयं सनातन संस्कृति के ध्वज वाहक,



13 अखाड़ों के शिविर में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले धर्म ध्वजा को प्रणाम किया। इसके बाद संतगणों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर को अपने बीच पाकर साधु संत प्रफुल्लित नजर आए। उन्होंने सीएम योगी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्प वर्षा कर स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री खाक चौक शिविर, 13 अखाड़ों के शिविर के साथ ही दंडीबाड़ा के शिविर में साधु संतों से मिलने पहुंचे तो उन्हें पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर आसन पर बिठाया गया। इस दौरान बटुक संन्यासियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण भी किया। सीएम योगी पूज्य संतों के बीच जाकर भी बैठे और संतों की ओर से उन्हें भगवा अंगवस्त्र भी प्रदान किया गया, जबकि कुछ जगहों पर उन्हें स्मृति चिन्ह और महाकुम्भ का आमंत्रण भी दिया गया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने उनका तिलक किया और प्रसाद भी गृहण कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अखाड़ों के ईष्ट देवों की भी अराधना की। साधु संत और श्रद्धालु उनके साथ फोटो खिंचवाने को आतुर दिखे। महाकुम्भ के सबसे बड़े आकर्षण और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व त्यागने वाले नाग, बैरागी, उदासीन और अवधूत संतों से मिल कर मुख्यमंत्री ने उनका कुशल–क्षेम पूछा और व्यवस्थाओं का स्वत: निरीक्षण भी किया। मेला प्राधिकरण की ओर से साधु, संतों उनके अखाड़ो, शिविरों के लिए किये गये इंतजाम का जायजा लिया और अखाड़ों के प्रतिनिधि संतों से बात कर मेला प्रशासन के ओर से की गई व्यवस्थाओं और उनकी संतुष्टि के बारे में पूछा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संतगणों की आवश्यकताओं को शीर्ष वरीयता देते हुए पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने खाक चौक के शिविर में पहुंच कर 05–05 मिनट और सेक्टर–18 में बने दण्ड स्वामियों के दण्डीबाड़ा शिविर का भ्रमण और अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर–19 में स्थित अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा शिविर का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों को साधु–संतों की आवश्यकताओं और महाकुम्भ की परंपरा के निर्वहन में पूरी तरह सहयोग करने के दिशा निर्देश दिए। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी, सेक्टर 23 स्थित जजेज कालोनी पहुंचकर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे मुख्यमंत्री ने कहा कि स्नान पर्व की तिथियों को छोड़कर शेष सभी दिनों में गणमान्य जनों के लिए नियत प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मेला अधिकारी व पुलिस प्रशासन को महाकुम्भ मेले में आने वाले न्यायाधीशों और न्यायमूर्तियों की सुरक्षा व्यवस्था का पूरा इंतजाम करने को भी कहा। उन्होंने जजेज कालोनी में लगे अस्थाई आवस टेंटों और उनके लिए शौचालयों व अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। सेक्टर–23 से जजेज कालोनी के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री का काफिला अरैल घाट पहुंचा। जहां से वो मोटर बोट के द्वारा वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट मार्ग से पाण्टून पुल के माध्यम से संगम लोअर मार्ग होते हुए महावीर मार्ग स्थित खाक चौक पहुंचे। यहां से अखाड़ों, दण्डीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के शिविरों में गये।

डल्ली ३ॐल्ल३






# कप्तान सहित पुलिस टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर मोर्चा बनाकर किया सघन चेंकिग





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। महाकुम्भ-2025** को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद कौशाम्बी में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सकाढ़ा तिराहा पर तथा अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया। साथ ही ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने हेतु बताया गया तथा महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से वार्ता भी की गयी। इस दौरान एसपी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु रिफलेक्टिव टेप भी लगवाए गए तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि जगह - जगह रिफलेक्टिव टेप लगवाए जाए जिससे रात्रि व कोहरे में वाहन चालकों को लगाये गए संकेत दूर से स्पष्ट दिखे। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में जनपद के सभी थानों के पुलिस बल द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाते हुये निरंतर संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

## एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओं को किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस अ**धीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## थरियांव पुलिस द्वारा हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना थरियांव पुलिस द्वारा हत्या में वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार उर्फ संजय पुत्र रामकिशोर निवासी रामपुर थरियांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थानाध्यक्ष थरियांव अरविन्द कुमार राय. उ0नि0 श्रीधर शुक्ला. उ0नि0 श्यामबहादुर सिंह।

## नाबालिक किशोरी के साथ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अ**धीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना थरियांव सुल्तानपुर घोष पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त आदित्य कुमार पुत्र सूरजबली नि0 ग्राम पुरे हुलासी मजरे बघौली थाना सु0घोष जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, थाना सुल्तानपुर घोष. उ0नि0 आनन्द वर्मा।

## आगरा कैंट के स्कॉर्ट कर्मियों को केरला एक्सप्रेस में मिले पच्चीस लाख



**सबसे तेज प्रयागराज**
**आगरा। रेल** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए जीआरपी आगरा कैण्ट द्वारा चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन तथा ट्रेनों में हो रही तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में ट्रेन 12626 केरला एक्स0 (दिल्ली से केरला) मे लावारिस एक बैग में पच्चीस लाख रुपए मिले।अग्रिम कार्यवाही हेतु आयकर विभाग आगरा को सूचित किया गया है।

## सीएम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम से मिले, तैयारियां जानी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**महाकुंभ नगर। अखिल** भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्म-ाश्रम महराज के सेक्टर -15 स्थित चरखी दादरी आश्रम हरियाणा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज पहुंचे और कुशलक्षेम के बाद महाकुंभ के तैयारियों पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्म-ाश्रम महराज ने महाकुंभ की तैयारियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरकार और अफसरों को बधाई दिया कि महाकुंभ मेले की सभी तैयारियां समय से पूरी हो रही है। उन्होंने बताया कि बिजली, पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है। सुरक्षा को लेकर अफसर बहुत गंभीर है। इस दौरान सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ महाराज चरखी दादरी आश्रम हरियाणा में करीब पांच मिनट रहे। उन्होंने शिविर की तैयारियों और व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिविर बहुत व्यवस्थित तरीके से लगाया गया है। इस दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## महाकुंभ मेला में स्नान से पाप होते हैं नष्ट

### जगद्गुरु भुवनेश्वरी नन्द गिरी ने शिविर में किया भूमि पूजन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**महाकुंभ नगर।** ब्रह्मलीन जगद्गुरु पंचानंद गिरी जी महाराज के शिविर का पूजन जूना अखाड़ा की विश्व की महिला जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नन्द गिरी महाराज ने किया। इस दौरान जगद्गुरु भुवनेश्वरी नन्द गिरी महाराज,हिमालय गिरी महाराज,सुधीर नारायण गिरी महाराज,महन्त शांति गिरी महाराज,महन्त मंगल गिरी महाराज ने कुंभ मेला शिविर पूजन, धूना चेतन किया। 2025 के महाकुंभ के इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नन्द गिरी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में कुंभ मेला को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

कुंभ मेला पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में आयोजित किया जाता है। 2025 में कुंभ नहीं बल्कि महाकुंभ मेला लग रहा है। इस बार 144 वर्षों के बाद महाकुंभ लग रहा है।

जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नन्द गिरी महाराज ने बताया की महाकुंभ मेला 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होगा। महाकुंभ में शाही स्नान कर भक्त, साधु-संत पुण्य की डुबकी लगाएंगे।कुंभ मेले में शाही स्नान सबसे महत्वपूर्ण भागों और अनुष्ठानों में से एक है। शाही स्नान के लिए कुछ तिथियां तय की जाती हैं। महाकुंभ में शाही स्नान लोगों के लिए पूरी जिंदगी में एक बार मिलने वाल अवसर माना जाता है, क्योंकि महाकुंभ 144 साल बाद आता है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, महाकुंभ में स्नान व पूजा करने से कई गुना अधिक पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। स्वामी भुवनेश्वरी नंद गिरी ने बताया कि मान्यता है कि कुंभ मेले में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म ग्रंथों के अनुसार, कुंभ मेले का आयोजन सतयुग से ही होता आ रहा है। इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी भुवनेश्वरी नन्द गिरी महाराज,महन्त हिमालय गिरी महाराज, महन्त सुधीर नारायण गिरी महाराज,महन्त शांति गिरी महाराज,महन्त मंगल गिरी महाराज,महन्त रामानंद गिरी महाराज सहित सभी गुरु भाई संत मूर्तियां मौजूद रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा 3 नाबालिग बालकों को धूमनगंज पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज । पुलिस** आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज के पर्यवेक्षण में थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा देर रात को ह्लक्ष्उउ व ऑपरेशन त्रिनेत्रह्व के अन्तर्गत लगवाये गये उउळश कैमरों की सहायता से गुमशुदा 03 नाबालिग बालकों को सुलेम सरांय पेट्रोल पम्प के पास से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया । गुमशुदा बालकों से मिलकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उनके द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रंशसा की गयी ।

उल्लेखनीय है कि आवेदक महबूब आलम पुत्र कमरूजमा निवासी 219 सी/1बी महेन्द्र नगर कॉलोनी ट्रान्सपोर्ट नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज द्वारा बुधवार को थाना धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि उनका 01 पुत्र (उम्र करीब 11 वर्ष) तथा पड़ोस के ही 02 अन्य नाबालिग बच्चे (उम्र करीब 11 वर्ष व करीब 5 वर्ष) पुत्रगण सोनू प्रजापति निवासी हिसामबाद गढ़वा जनपद कौशाम्बी (हाल पता महेन्द्र नगर कॉलोनी टी0पी0 नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज), उक्त तीनों बालक घर से यह कहकर निकले कि रामकथा पार्क टी0पी0 नगर खेलने जा रहे हैं लेकिन अब तक घर वापस नहीं आये हैं । उक्त सूचना पर थाना धूमनगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गुमशुदा बालकों की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन कर बालकों को सकुशल बरामद किया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज अमर नाथ राय. उ0नि0 राकेश कुमार. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह, थाना धूमगनंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## जिलाध्यक्ष के लिए 46 तथा प्रदेश परिषद के लिए 13 ने किया नामांकन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी गंगापार जिलाध्यक्ष व प्रदेश परिषद के लिए नामांकन किया गया चुनाव अधिकारी विनोद राय ने बताया कि वर्तमान जिलाध्यक्ष गंगापार कविता पटेल सहित 46 ने जिलाध्यक्ष के तथा 13 ने प्रदेश परिषद पद के लिए नामांकन किया नामांकन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चुनाव अधिकारी विनोद राय, सुरेश मौर्या ईश्वर चंद्र बिंद, जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, सुनील पटेल, लक्ष्मी कांत उपाध्याय, उमेश तिवारी निमिष खत्री, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जनता दर्शन में आयी महिला फरियादी की समस्या को सुना एवं तत्काल समस्या का कराया निस्तारण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। प्रार्थिनी नी**ता देवी पत्नी स्व0 नागेन्द्र सिंह निवासिनी ग्राम-कोतारी पश्चिम तहसील मंझनपुर जनपद कौशाम्बी ने आज जनसुनवाई में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि प्रार्थिनी एक विधवा एवं बेसहारा हैं, मेरे एवं मेरे बेटे के भरण पोषण का कोई जरिया नहीं है। प्रार्थिनी का अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को महिला फरियादी का तत्काल अन्त्योदय राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने सरकार द्वारा संचालित सभी अनुमन्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश दियें। जिलापूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य द्वारा जॉचोपरान्त तत्काल महिला फरियादी का अन्त्योदय राशन कार्ड ऑनलाइन करा दिया गया है, शीघ्र ही राशन कार्ड जारी कर दिया जायेंगा। उन्हांने बताया कि महिला फरियादी को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत जल्द ही निःशुल्क राशन प्राप्त होने लगेंगा।

## एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया। पुलिस** आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त लालजी पुत्र प्रभुनाथ राम निवासी शिवरामपुर जरांव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धनुपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया.चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार सिंह. प्रशि0उ0नि0 चंदन, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## पंचतीर्थों का निर्माण करके भाजपा ने किया बाबा साहब का सम्मान - धर्मराज मौर्य



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** विधानसभा मंझनपुर के सांगठनिक मण्डल कौशाम्बी में संविधान गौरव दिवस पर मण्डल कौशाम्बी की आयोजित कार्यशाला में उपस्थित कार्यकताओं को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के सपनों को कांग्रेस द्वारा अपमानित किया गया कांग्रेस ने हमेशा से ही बाबा साहब का अपमान किया चाहे संविधान के साथ छेड़छाड़ की बात कहे चाहे उनको चुनाव हराने की बात कहे । ऐसे तमाम मौके पर कभी कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का अपमान करने में कोई कर कसर नहीं छोड़ा बाबा साहब का सम्मान भाजपा सरकार निरंतर कर रही हैं जैसा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंबेडकर पंचतीर्थ भारत में पांच महत्वपूर्ण स्थलों का समूह जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन और कार्यों से जुड़े हुए हैं। इन पंच तीर्थों का विकाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर किया गया है जो बाबा साहब के आदर्शो और सिद्धांतों को प्रसारित करने के लिए प्रतिबद्ध है ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष जगन्नाथ दिवाकर, महामंत्री मोहित त्रिपाठी आदि पार्टी कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

## बैनर पोस्टर के मध्यम से किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी । प्रदेश** सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ह्लमिशन शक्ति फेज- 05ह्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## ओटीपी के माध्यम से फ्रॉड का पैसा, साइबर पुलिस ने कराया वापस



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। सा**इबर थाना, जनपद बाराबंकी को ऑफलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ, जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा आवेदक शशिकांत पुत्र जितेंद्र प्रसाद निवासी जेवली मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के साथ डेबिट कार्ड का ओटीपी पूछकर आवेदक से 95,000/- रुपए का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया।

संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 95,000/- रुपए आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

## मसौली पुलिस ने 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर मसौली पुलिस क्षेत्र में हार जीत की बाजी लगा रहे 6 लोगों को गिरफ्तार कर नगदी बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया।

थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 06 अभियुक्त तौकीर पुत्र कय्यूम, . मुख्तार पुत्र शरीफ, मेराज पुत्र रज्जब निवासीगण ग्राम सुरसण्डा थाना मसौली जनपद बाराबंकी व मारूफ पुत्र मकसूद, वसी अहमद पुत्र नासिर, चाँद बाबू पुत्र प्यारे निवासी ग्राम सुरसण्डा थाना मसौली जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 1370/- रुपए बरामद किया।

## पुरामुफ्ती पुलिस द्वारा वारण्टी 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। डीसीपी नगर अभिषेक भारती के निर्देश पर पुरामुफ्ती पुलिस वारंटी की तलाश में मु**खबिर की सूचना पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान दो वारंटी

डीपी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त पप्पू पुत्र गोपी निवासी बिहका थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज, पिन्टू पुत्र पप्पू निवासी बिहका थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को अभियुक्तों के निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# महाकुम्भः कंप्यूटराइज्ड सुविधा के साथ दस खोया-पाया केंद्र सक्रिय

## केन्द्रों में वेटिंग रूम, महिला और बच्चों के लिए अलग रिप्रेषेशमेंट एरिया, दर्ज होगी गुमशुदगी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर।** महाकुम्भ में पुलिस ने दस डिजिटल खोया पाया केंद्रों की स्थापना की है। डिजिटल खोया पाया केंद्रों में वेटिंग रूम भी रहेंगे। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अलग से मेडिकल रूम बनाया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए रिप्रेष्ठेशमेंट एरिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में ५५ इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। खोए-पाए सामान और व्यक्तियों के बारे में लाइव जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुम्भ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी जाएगी। एडीजी जोन भानु भास्कर ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके आने-जाने और स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए १० कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में ५ कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान ९ कर्मचारी तैनात रहेंगे। खोए-पाए व्यक्तियों की जानकारी कंप्यूटर पर दर्ज की जाएगी और सूचना देने वाले को कंप्यूटराइज्ड रसीद प्रदान की जाएगी। ५५ इंच के बड़े एलईडी स्क्रीन पर खोए व्यक्तियों की फोटो और विवरण प्रसारित किए जाएंगे। सभी केंद्र एक-दूसरे से आधुनिक संचार प्रणाली द्वारा जुड़े हुए हैं। सूचना का प्रसारण फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी होगा।

सेक्टर चार मुख्य केंद्र, सेक्टर तीन अक्षयवट पंडाल, सेक्टर तीन संगम नोज, सेक्टर १८ ऐरावत द्वार, सेक्टर-२३ः टेंट सिटी , सेक्टर-२३ः अरैल पक्का घाट, सेक्टर-०६ः प्रमुख घाट, सेक्टर १४ बड़ा झूसी घाट, सेक्टर-१७ः संगम क्षेत्र, सेक्टर आठमें प्रमुख स्नान क्षेत्र

महाकुम्भ में यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में पूछताछ केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महाकुम्भ, प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगीं। जिनमें पुलिस थानों, चौकियों, फायर स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालयों का विवरण। बस और रेलवे स्टेशनों की स्थिति और ट्रेनों के समय। तीर्थ स्थान, मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने के साधन और मार्ग। अखाड़ों, महामंडलेश्वरों के शिविर, कल्पवासी शिविरों और स्नान घाटों की जानकारी। ट्रैफिक स्कीम और मेले में लागू ट्रैफिक प्रतिबंध। होटल और धर्मशालाओं की सूची और दरें एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भी जानकारी रहेगी।

## महाकुंभ २०२५ में ब्रह्माकुमारीज के पंडाल 'स्वर्णिम भारत ज्ञान कुंभ' का उद्घाटन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर ७ में स्थित, विश्व गुरु भारत की थीम पर आधारित,** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के भव्य पंडाल 'स्वर्णिम भारत- ज्ञान कुंभ' का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। आज दिनांक १० जनवरी २०२५ को अपराह्न ३:०० बजे इसका विधिवत उद्घाटन माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक के द्वारा किया जाएगा।

पंडाल की संयोजिका मनोरमा दीदी ने बताया की कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों के तौर पर पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विधायक पियूष रंजन निषाद, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश नरेंद्र सिंह गौड़ सहित अन्य माननीय हस्तियां होंगी।

पंडाल में लगने वाली झांकियों के बारे में जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमार अरुण ने बताया की मेले में मुख्य आकर्षण सतयुगी भारत की थीम पर आधारित २०० चलचित्र मॉडलों द्वारा बनाई गई सुंदर झांकी, २५ फीट ऊंची चैतन्य देवियों की झांकी जिसमें नौ देवियां पहाड़ों से प्रकट होते हुए दिखाई देंगी तथा लाइट एंड साउंड शो होगा। इसके अतिरिक्त टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए भव्य 'होलोग्राफिक लेजर शो' सहित गोकुल ग्राम नशा मुक्त भारत की प्रदर्शनी तथा आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी आदि होंगे।

संयोजिका मनोरम दीदी ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने एवं लगाई गई मनोरम झांकियों का अवलोकन करने के लिए आग्रह किया।

## आर्यसमाज जयंतीपुर के संचालक के खिलाफ एफआईआर, जांच में जुटी धूमनगंज पुलिस

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। मैनपुरी** जिले के कोतवाली प्रभारी शिवकुमार दोहरे ने प्रयागराज के धूमनगंज थाने में फर्जी विवाह प्रमाण पत्र के मामले में आर्य समाज जयंतीपुर सुलेमसराय के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। हाईकोर्ट के आदेश पर कूटरचित विवाह प्रमाण पत्र की पुष्टि होने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मैनपुरी पुलिस के विवेक पुत्र रामरतन निवासी मोहल्ला अग्रवाल थाना कोतवाली मैनपुरी द्वारा नवनीत कौर पुत्री अंग्रेज सिंह कौर निवासी शुकर चक चीमा खुर्द चीमा कलान तरण तारण पंजाब से आर्य समाज जयंतीपुर सुलेम सराय प्रयागराज से १० सितंबर २०२४ को विवाह करने का दावा किया। आर्य समाज जयंतीपुर सुलेम सराय प्रयागराज का प्रमाण पत्र हाईकोर्ट इलाहाबाद में प्रस्तुत किया गया। विवाह प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्रों का सत्यापन कराकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल किया। आर्य समाज जयंतीपुर सुलेमसराय द्वारा प्रदत्त विवाह प्रमाण पत्र का सत्यापन आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ से कराया गया, तो आर्य समाज जयंतीपुर सुलेम सराय प्रयागराज की संबद्धता १६ जून २०२४ को समाप्त होने की जानकारी मिली। इससे विवाह प्रमाण पत्र अवैध कूटरचित पाया गया। उच्च न्यायालय ने इस पर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया था। बतादें की प्रयागराज में फर्जी विवाह प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा भी किया था। जिसमें दो आरोपित पकड़े गये थे। वहीं फर्जी विवाह प्रमाण पत्र मामले वैंष्ठट, घूरपुर सहित अन्य थाने में लगभग आधा दर्जन मुकदमें भी दर्ज हैं।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने की किसान पंचायत सौंपा ज्ञापन

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज कि**सानों की समस्या को को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन की एक किसान पंचायत करछना तहसील परिसर प्रयागराज में की गई जिसमें क्षेत्रीय किसानों द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रयागराज बबलू दुबे का स्वागत किया गया एवं छोटा किसान हल भी भेंट किया गया तथा मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित करते हुए एक 11सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार करछना तथा थाने की समस्या को लेकर एक ज्ञापन चौकी प्रभारी करछना को दिया गया इस अवसर पर शनि शुक्ला जिला अध्यक्ष राहुल जमीदार बजरंगी मिश्रा जमुना पार प्रभारी रमा देवी महिला जिला अध्यक्ष पूनम दुबे महिला मंडल प्रभारी सुमन अवस्थी कमलेश राव युवा जिला अध्यक्ष धीरज पांडे अंकित तिवारी रितेश पांडे कुल्लू भाई बृजेश विशाल द्विवेदी विजय पांडे एवं सैकड़ो किस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाकुंभ व गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसपी ने की गोष्ठी

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी। महा**कुम्भ-2025 व गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में समस्त क्षेत्राधिकारी गण एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, प्रभारी मीडिया सेल, प्रभारी महाकुम्भ सेल व प्रभारी डायल-112 के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, सीओ मंझनपुर शिवांक सिंह,सीओ कौशांबी अभिषेक सिंह,सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# महाकुंभ में अक्षय पात्र और हरे कृष्णा मूवमेंट भक्तों को देगा महाप्रसाद



## बीस हजार श्रद्धालुओं को मिलेगा गरमा-गरम, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। प्रयागराज** की पावन धरा पर गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम तट पर 13 जनवरी से विश्व के सबसे बड़े संत, श्रद्धालु, वैष्णव और सनातनीयों के लिए आध्यात्मिक मेला महाकुंभ 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इस महाकुंभ में अक्षय पात्र फाउण्डेशन और हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बैंगलोर) के द्वारा चलित रसोई (किचेन ऑन व्हील) एवं अस्थाई रसोई घर के माध्यम से बीस हजार श्रद्धालुओं के लिए गरमा-गरम, पौष्टिक, स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

इस पूर्ण कुंभ में 45 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं एवं भक्तों का आगमन होगा। इस भव्य आयोजन में भी अक्षय पात्र फाउण्डेशन व हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बैंगलोर) वर्ष 2019 की तरह कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट भोजन प्रसाद उपलब्ध कराएगा।

अक्षय पात्र फाउण्डेशन भारत के 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी 75 केन्द्रीयकृत रसोई घर के माध्यम से, शासकीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले 23 लाख से अधिक छात्रों तक मध्याह्न भोजन योजना का लाभ पहुंचा रहा है।

संस्था के जनसंपर्क प्रमुख स्वामी अनंतवीर्य दास जी ने बताया कि प्रयागराज संगम के पावन तट पर आयोजित होने वाले इस महाकुंभ मेले अक्षय पात्र फाउण्डेशन जहां परेड ग्राउण्ड में चलित रसोई घर (किचेन ऑन व्हील) के माध्यम से कुंभ स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट भोजन प्रसाद उपलब्ध कराएगी वहीं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बैंगलोर) सेक्टर 7 नाग बासुकी पर भव्य रसोई के माध्यम से 20 हजार श्रद्धालुओ, भक्तों को चावल, दाल, रोटी और सब्जी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि इस कुंभ मेले संस्था के द्वारा श्रीमद्भागवत प्रवचन, नित्य वैदिक यज्ञ, महाप्रसाद, हरिनाम संकीर्तन, भजन संध्या और रामलीला का वृहद आयोजन भी किया जाएगा। स्वामी अनंतवीर्य दास जी ने बताया कि महाकुंभ मेला भारत की गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। यह देश की सांस्कृतिक धरोहर व हमारी गौरवमयी संस्कृति का संवाहक है। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति एवं आस्था को दशार्ता है। इस मेले में संपूर्ण भारत की झलक तो मिलती ही है, विश्व के कई देशों के लाखों लोग भी शामिल होते हैं। यह मेला भारतीय दर्शन का प्रतीक है।प्रयागराज हिंदुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां गंगा, यमुना एवं सरस्वती का अद्भुत संगम होता है जिसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों का संगम होता है। इन नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

डल्ली ३ॅ्ल्ल३

## महिला सिपाही की कार्य कुशलता : रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित कराया प्रसव

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**सबसे तेज प्रयागराज**





**मुरादाबाद। थाना जीआरपी मुरादाबाद पर सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला यात्री निवासी वैशाली** बिहार अपने पति के साथ ट्रेन नंबर 14202 गरीब रथ एक्सप्रेस से अमृतसर से हाजीपुर बिहार की यात्रा कर रही थी।अचानक प्रसव पीड़ा हो रही है, स्थिति भी गंभीर है। इस पर तत्काल थाना से महिला सिपाही बबीता कुमारी को मय पुलिस बल के भेजा गया। महिला यात्री की गंभीर स्थिति देखते हुए तत्काल मुरादाबाद स्टेशन पर ही उसे ट्रेन से उतारा गया। रेलवे स्टेशन पर मौजूद अन्य महिला यात्रियों की मदद से सुरक्षा घेरा बनाकर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ही महिला यात्री की डिलीवरी कराई गई। इसके उपरांत तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से महिला यात्री व नवजात शिशु को जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। डीजीपी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सिपाही बबिता को उत्साहवर्धन हेतु दस हजार रुपए का नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। वही अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ प्रकाश डी ने महिला को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

## साइबर कवच : 12 भुक्तभोगियों को पांच लाख छिहत्तर हजार रुपए वापस कराए



**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** ऑपरेशन 'साइबर कवच' के अन्तर्गत साइबर थाना पुलिस द्वारा 12 पीडित व्यक्तियों की शत प्रतिशत धनराशि पांच लाख छिहत्तर हजार रुपए वापस कराके उनके सुपुर्द किया गया।

पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन साइबर कवच के अन्तर्गत साइबर थाना कौशाम्बी के द्वारा साइबर तकनीक सर्विलांस का उपयोग करते हुए पूर्व में हुए साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही कर पीड़ितों के साथ हुए फ्रॉड की धनराशि को सम्बंधित बैंक, इंटरमीडियरी, गेट-वे कम्पनी से संपर्क स्थापित करते हुए यह धनराशि वापस उनके खाते में दिलाई गई। गौरतलब है कि आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा जनमानस को भ्रमित कर उनसे ओटीपी लेकर अथवा अन्य प्रकार से फ्रॉड करके रुपए अपने खातों में स्थानान्तरित करा लिये जाते हैं। इस बारे में जनपद पुलिस द्वारा समय समय पर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जाता है। फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल करके अथवा पर अविलम्ब सूचना देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कार्यवाही के दौरान सर्वप्रथम साइबर पुलिस द्वारा सन्दिग्ध व्यक्तियों के खाते में उपस्थित धनराशि को होल्ड कराया जाता है ताकि अपराधी उसे निकाल न सकें। ठगी धनराशि को धारा-503 बीएनएसएस के अन्तर्गत न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर पीड़ित अधिकृत व्यक्तियों को वापस कराया जाता है।

**साइबर सुरक्षा टिप्स**

ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें। अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें। ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें। पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें। साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## वारंटी अभियुक्त पुलिस ने किया को गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना कल्यानपुर पुलिस द्वारा वारण्टी विपिन सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी परिहारन डेरा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## धर्म, संस्कृति एवं अध्यात्म का संगम है कुंभ - महामंडेलश्वर वैष्णो नंद गिरि



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । श्री**पंचदशनाम जूना अखाड़ा की श्रीश्री १००८ महामंडलेश्वर वैष्णो नंद गिरि ने कहा कि कुंभ स्नान मोक्ष प्राप्ति का साधन है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों ने मानव शरीर को अतिदुर्लभ बताया है। मानव शरीर पाकर मोक्ष प्राप्ति के साधन का उपाय परम धर्म है। सदग्रंथ, संत एवं पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलने से जीवन उन्नति की ओर आगे बढ़ता है।

गुरुवार को मौजगिरि आश्रम में महामंडलेश्वर श्रीश्री १००८ वैष्णो नंद गिरि ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर १३ जनवरी से २६ फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। १४४ वर्ष बाद यह पूर्ण महाकुंभ है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में कुंभ का आयोजन होता है। कुंभ स्नान सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन है। यह आयोजन धर्म की एकता और सांस्कृतिक विरासत का वृहद आयोजन है। मान्यता है कि कुंभ मेले में स्नान करने से सभी पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## फूलपुर में महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर । मिशन** शक्ति के तहत फूलपुर महिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत गुरुवार को थाना फूलपुर की महिला उपनिरीक्षक विभा सिंह ने कस्बे के शेषपुर मोहल्ले प्रतापपुर रोड आदि पर महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जागरुक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं छात्राओं को उनके सम्मान एवं सुरक्षा हेतु बचाव के ढेर सारे टिप्स दिए हैं। जिनमे 1090 वूमेन पावर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सीएम हेल्पलाइन वृद्धा, विधवा ,दिव्यांग पेंशन योजना तथा छात्रों के आत्म रक्षार्थ कई सुरक्षात्मक हेल्पलाइन नंबर बताएं। जिस पर फोन करके उन्हें तत्काल पुलिस सहायता मिल जाएगी। सभी सुरक्षात्मक उपाय संबंधी पफ्लेट भी वितरित किए।

## फूलपुर फ्लाई ओवर का हुआ रंग रोगन

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर। प्रयागराज में होने** वाले दिव्य महाकुंभ में पूर्वांचल से आने जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ की आशंका से फूलपुर के सराय अब्दुल मलिक होकर रेलवे लाइन पार कर लिलहट नहर से कुछ श्रद्धालु प्रतापगढ़ अमेठी फैजाबाद बहराइच आदि से आवागमन करने वालों हेतु मुबारकपुर रोड का रंग रोगन आनन-फानन में किया गया। परंतु समय की कमी से बाईपास बनाना मुश्किल काम है। इसलिए फूलपुर की सड़क को चमका दिया गया, साथ ही फ्लाई ओवर के भी दिन बहुरे, बढ़िया रोड के साथ रंगाई पुताई का कार्य तेजी पर चल रहा है। परंतु तहसील रोड पर बेतरतीब वाहन कार बाईकों की पार्किंग आडे आ सकती है इसके साथ ही सड़क की दोनों तरफ पटरियों पर अवैध रूप से संचालित हो रही फूट पाथ की दुकानों को न हटाने से आए दिन भीड़ के चलते जाम लगा रहता है जो महाकुंभ में और अधिक परेशानी का सबब बन सकता है। तहसील में आने वालों की कारें बाईकें पिच रोड पर खड़ी होने से सदैव जाम लगा रहता है। इस ओर स्थानीय पुलिस प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## रामयश पीजी कॉलेज में कलश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**सबसे तेज प्रयागराज**






**नवाबगंज/प्रयागराज। गुरुवार** को नवाबगंज क्षेत्र के राम यश पीजी कॉलेज में श्रृंगवेरपुर से प्रयागराज महा कुंभ के लिए रवाना हुआ कलश यात्रा का जोर शोर से राम यश पीजी कॉलेज एन. सी. सी. कैडेड के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक संगम मिश्र, निदेशक विवेक मिश्रा, प्राचार्य डॉ0 के0एन0 श्रीवास्तव, भाजपा नेता उमेश तिवारी, पत्रकार अजय कुमार, रमेश यादव, कुलदीप यादव आदि शिक्षकगण, समस्त स्टाफ एवं अधिक संख्या में क्षेत्र के कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# नक्सलियों से निपटने की चुनौती

नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में 8 जवानों की हत्या कर फिर साबित किया है कि वे हद दर्जे के नीच, कायर और राष्ट्र विरोधी हैं। उन्होंने अपने कृत्यों से फिर ध्वनित किया है कि वे सामाजिक परिवर्तन के नुमाइंदे नहीं बल्कि राष्ट्रविरोधी ऐसे अराजक तत्व हैं जिनका राष्ट्र व समाज निर्माण से कुछ भी सरोकार नहीं है। गौर करें तो नक्सलियों ने अपने इस कायराना कृत्य को तब अंजाम दिया जब जवान नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे थे। उन्होंने घात लगाकर जवानों की गाड़ी को आईईडी ब्लास्ट कर उनकी जान ले ली। गौर करें तो दंतेवाड़ा समेत सात जिलों में शामिल बस्तर अभी भी नक्सलियों का सबसे बड़ा पनाहगाह बना हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया हो। अभी गत वर्ष पहले दंतेवाड़ा जिले में उनके हमले में जिला रिजर्व गार्ड के 11 जवान शहीद हुए थे। याद होगा 3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों ने सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर हमला कर 22 जवानों की जान ली थी। इसी तरह 21 मार्च 2020 को सुकमा के मिनपा इलाके में हमला बोल 17 सुरक्षाकर्मियों की जान ली। 9 अप्रैल 2019 को दंतेवाड़ा में विस्फोट कर भाजपा विधायक भीमा मंडावी समेत चार सुरक्षाकर्मियों की हत्या की। 24 अप्रैल 2017 को सुकमा जिले में ही बुरकापाल में हमला कर सीआरपीएफ के दो दर्जन जवानों को मौत की नींद सुला दी। यह बेहद चिंता का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के घने जंगलों में पिछले चार दशक से नक्सली अपनी जड़ जमाए हुए हैं और उन्हें अभी तक खत्म नहीं किया जा सका है। तमाशा यह कि एक ओर नक्सली सरकार से शांति वार्ता का प्रस्ताव देते रहते हैं वहीं दूसरी ओर आतंकियों जैसी गतिविधियां चलाकर जवानों की जान ले रहे हैं। सवाल लाजिमी है कि आखिर उन पर किस तरह भरोसा किया जाए? आंकड़ों पर गौर करें तो विगत छः वर्षों में नक्सली हिंसा की लगभग 6000 से अधिक घटनाएं हो चुकी है। इन घटनाओं में तकरीबन 1300 नागरिक और तकरीबन 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हो चुके हैं। हां, यह सही है कि जवानों की सतर्कता के कारण पिछले कुछ समय से नक्सलियों पर नकेल कसा है और उनकी आक्रामकता कुंद हुई है। पिछले कई मुठभेड़ों के दौरान वे भारी संख्या में मारे भी गए हैं। लेकिन उनके कृत्यों से साफ हैं कि उनका हौसला अभी टूटा नहीं है। हालांकि गौर करें तो जवानों की सतर्कता के कारण छत्तीसगढ़ को छोड़ नक्सल प्रभावित 10 राज्यों में नक्सली घटनाओं में कमी आयी है। नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में तकरीबन दो दर्जन से अधिक शीर्ष नक्सली मारे जा चुके हैं। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में इस साल नक्सली हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई। इसी तरह बिहार में भी कम हिंसक घटनाएं दर्ज हुई हैं। लेकिन मौजूदा घटनाओं से साफ है कि उनके फन को पूरी तरह कूचला नहीं जा सका है। वे अभी भी देश के कई राज्यों में अपहरण और फिरौती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। घातक हथियार खरीद रहे हैं। झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे प्राकृतिक संसाधनों वाले राज्यों में काम करने वाली कंपनियों से रंगदारी वसूल रहे हैं। यही नहीं वे इन क्षेत्रों में चलने वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भी हड़प रहे हैं। नक्सल प्रभावित जनता नक्सलियों की जबरन वसूली से तंग आ चुकी है। अब जब सरकार द्वारा हाशिए पर पड़े लोगों को रोजगार कार्यक्रमों के जरिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम किया जा रहा है तो यह उन्हें रास नहीं आ रहा है। दरअसल नक्सली एक खास रणनीति के तहत सरकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं। वे नहीं चाहते हैं कि ग्रामीण जनता का रोजगारपरक सरकारी कार्यक्रमों पर भरोसा बढ़े। उन्हें डर है कि अगर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं फलीभूत हुई तो आदिवासी नौजवानों को रोजगार मिलेगा और वे नक्सली संगठनों का हिस्सा नहीं बनेंगे। यही वजह है कि नक्सली समूह सरकारी योजनाओं में रोड़ा डाल बेरोजगार आदिवासी नवयुवकों को अपने पाले में लाने के लिए किस्म-किस्म के लालच परोस रहे हैं। अकसर सुना जाता है कि वे अपने संगठन से जुड़ने वाले युवकों और युवतियों को सरकारी नौकरी की तरह नाना प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने का एलान करते हैं। नक्सली आतंक की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब वे कंप्युटर शिक्षा प्राप्त ऐसे नवयुवकों की तलाश कर रहे हैं, जो आतंकियों की तरह हाईटेक होकर उनके विध्वंसक कारनामों को अंजाम दे सके। नक्सली अब परंपरागत लड़ाई को छोड़ आतंकी संगठनों की राह पकड़ लिए हैं। अगर शीघ्र ही सरकार उनके खतरनाक विध्वंसक प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगायी तो उनके कंप्युटराइज्ड और शिक्षित गिरोहबंद लोग जंगल से निकलकर शहर की ओर रुख करेंगे। ऐसी स्थिति में उनसे निपटना आसान नहीं होगा। पर अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार नक्सलियों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास कर रही है। उन्हें विश्वास में ले रही है। लेकिन नक्सली अपनी बंदूक का मुंह नीचे करने को तैयार नहीं हैं। खतरनाक बात यह कि नक्सलियों का संबंध आतंकियों से भी जुड़ने की खबरें उजागर होती रहती हैं। याद होगा गत वर्ष पहले पूर्वोत्तर के आतंकियों से उनके रिश्ते-नाते उजागर हुए थे। गत वर्ष पहले आंध्र प्रदेश पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने एक संयुक्त कार्रवाई में आधा दर्जन ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया था जो नक्सलियों को लाखों रुपए मदद दिए थे। खबर तो यहां तक थी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ नक्सलियों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए अंडवर्ल्ड की मदद से उन्हें आर्थिक मदद पहुंचा रही है। यह तथ्य है कि नक्सलियों के राष्ट्रविरोधी कृत्यों में नेपाली माओवादियों से लेकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन भी रुचि ले रहे हैं। गत वर्ष पहले आईएसआई और नक्सलियों का नागपुर कनेक्शन देश के सामने उजागर हो चुका है। नक्सलियों के पास मौजूद विदेशी हथियारों और गोला बारुदों से साफ है कि उनका संबंध भारत विरोधी शक्तियों से है।

# असफलताओं में ही सफलता के बीज होते हैं।

बार-बार असफलता मिलने से घबड़ाने की जरूरत नहीं है। बस आप अपने अंदर झांकिये और असफलता के बीज को ढूंढने का प्रयास कीजिए। अगली बार फिर पूरी तैयारी के साथ लक्ष्य की ओर बढ़िये। फिर भी असफलता मिलती है तो अब और गहनता से उस बीज को ढूँढ़िये। उस तरह जिस तरह से मोती ढूंढने के लिए गोताखोर कई बार समुद्र में डुबकी लगाते हैं। मैंने गाँव में देखा था कि जब कुँआ से पानी निकालते समय डोरी टूट जाती थी तो बाल्टी या गगरा गहरे कुँआ में तलहटी में चला जाता था। गांवों में गोताखोर होते थे। वे कई बार उस कुँए में डुबकी लगाने के बाद आखिरकार वह उस बाल्टी या गगरा को बाहर निकालकर लाते थे। वे घबड़ाते नहीं थे। एक मेरे परिचित हैं अपने अंतिम प्रयास में पी सी एस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए और आई ए यस होकर रिटायर हुए। एक दिन मैं टेलीविजन पर संगीत का आइडियल प्रोग्राम देख रहा था। वह बंदा लगातर कई वर्षों तक असफलताओं के दौर से गुजरने के बाद मंच पर बड़े-बड़े लोगों के साथ जज के रूप में विराजमान था। उसे कभी ऑडिशन देते समय जावेद अख्तर साहब ने उसके कमियों को उजागर करते हुए कहा था कि- सब तो ठीक है परंतु तुम इस कमी को दूर कर लोगे तो सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंच सकते हो। अब बात यह है कि--सलाह देने वाले तो बहुत से लोग मिलेंगे परंतु उसे लेने वाले पर निर्भर करता है कि - वह उस पर कितना गौर करता है ।उसने जावेद अख्तर साहब के सलाह को गौर किया और अब मंचों पर निर्णायक मंडल में शामिल होने लगा है। इसी पर उस मंच पर एक बच्चे ने उसके इस गीत को गाया--- कैसे हुआ इतना जरूरी कैसे हुआ। जिस दिन आप जरूरत को जरूरी है के रूप में समझ लेंगे तो निश्चित रूप से आप भी सफलता के ऊँचाइयों को छू लेंगे। फिर आपके लिए भी लोगबाग यह गाते हुए झूम उठेंगे-- कैसे हुआ इतना जरूरी कैसे हुआ।

**डॉ जगदीश सिंह दीक्षित वाराणसी।**

# अध्यात्म, राष्ट्रीय एकता और मानवता का महासंगम - महाकुम्भ

मृत्युंजय दीक्षित



सनातन हिंदू संस्कृति का महापर्व है झमहाकुम्भ, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव। सनातन संस्कृति की आस्था का सबसे बड़ा और सर्वोत्तम पर्व महाकुम्भ न केवल भारत अपितु संपूर्ण विश्व में सुविख्यात है। यह एकमात्र ऐसा महापर्व है जिसमें सम्पूर्ण विश्व से श्रद्धालु भक्त कुम्भस्थल पर आकर भारत की समन्वित संस्कृति, विश्व बंधुत्व की सद्भावना और जनसामान्य की अपार आस्था का अनुभव करते हैं। वैभव और वैराग्य के मध्य आस्था के इस महाकुम्भ में सनातन समाज नदी के पावन प्रवाह में अपने समस्त विभेदों, विवादों और मतांतरो को विसर्जित कर देता है। इस मेले में मोक्ष व मुक्ति की कामना के साथ ही तन,मन तथा बुद्धि के सभी दोषों की निवृत्ति के लिए करोड़ों श्रद्धालु अमृत धारा में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ में योग, ध्यान और मंत्रोच्चार से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। महाकुम्भ में समस्त अखाड़े प्रतिभाग करते हैं उनमें से प्रत्येक की महिमा, इतिहास व परम्पराएं अदभुत हैं।

महाकुम्भ का इतिहास प्राचीन पौराणिक कथाओं में रचा बसा है। इसकी कथा समुद्र मंथन और देव-दानव संघर्ष से जुड़ी है जिसमें अमृत कलश की प्राप्ति हुई थी। समुद मंथन की कथा के अनुसार राजा बलि के राज्य में शुक्राचार्य के आशीर्वाद एवं सहयोग से असुरों की शक्ति बहुत बढ़ गई थी और देवतागण उनसे भयभीत रहने लगे थे। भगवान विष्णु के सुझाव पर देवताओं ने असुरों से मित्रता कर ली और समुद्र मंथन किया। क्षीर सागर के मंथन के लिये मन्दराचल पर्वत को मथानी और वासुकी नाग को रस्सी बनाया गया ।समुद्र मंथन से सर्वप्रथम हलाहल विष निकला जिसका पान करके शिव जी ने समस्त सृष्टि की रक्षा की और नीलकंठ कहलाए । तत्पश्चात क्रमशः चन्द्र, कामधेनु गौ,कल्पवृक्ष,पारिजात, आम्रवृक्ष तथा संतान ये चार दिव्य वृक्ष, कौस्तुभ मणि, उच्चैश्रवा, अश्व और ऐरावत हाथी निकले। इसके पश्चात माता लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ जिन्होंने भगवान विष्णु का वरण किया। वारुणी और शंख निकले। अन्त में धन्वन्तरि वैद्य अमृत घट लेकर निकले।दैत्यों ने उस अमृत घट को छीन लिया और पीने के लिये आपस में ही लड़ने लगे,तब भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारणकर दैत्यों को रूप सौन्दर्य से आसक्त कर लिया। दैत्यों ने अमृतघट विष्णु रूपी मोहिनी को बांटने के लिये दे दिया। मोहिनी रूपी विष्णु ने देवताओं को अमृत बांटना प्रारम्भ किया, एक असुर को मोहिनी की यह चालाकी समझ आ गयी और उसने देवताओं की पंक्ति में बैठकर अमृत प्राप्त कर लिया। जब देवताओं का ध्यान उसकी ओर गया तो उन्होंने भगवान विष्णु को बताया। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से उस दैत्य की गर्दन धड़ से अलग कर दी, दैत्य के शरीर के यही दो भाग राहु और केतु हैं। देवों को अमृत पान कराकर भगवान विष्णु अन्तर्धान हो गये। इसके पश्चात देवासुर संग्राम छिड़ गया। देवराज इन्द्र की आज्ञा से उनके पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर पलायन कर गए, दैत्य उनका पीछा कर रहे थे इस भागने के क्रम में जिन स्थानों पर अमृत छलककर गिरा उन्हीं स्थानों पर कुम्भ का आयोजन होता है। वे स्थन हैं हरिद्वार, उज्जैन,नासिक और प्रयागराज। अमृतकलश लेकर भागने के दौरान सूर्य,चन्द्र, वृहस्पति तथा शनि ने असुरों से जयन्त की रक्षा की थी, यही कारण है कि इन चारों ग्रहों की विशेष स्थिति होने पर ही कुम्भ का आयोजन होता है। देवासुर संग्राम 12 वर्ष चला था जब देवता बालि पर विजय प्राप्त कर सके थे,अतः प्रत्येक बारह वर्ष में कुम्भ का मेला लगता है।

महाकुम्भ की महिमा का वर्णन स्कंद पुराण में स्पष्ट किया गया है। विष्णु पुराण में भी कुम्भ स्नान की प्रशंसा की गई है। कुंभ की अनेक व्याख्याएं की गई हैं। वेदों में भी कुम्भ की महिमा बताई गई है और ज्योतिष तथा योग में भी कुम्भ है। ऋग्वेद में कुम्भ शब्द पांच से अधिक बार, अथर्ववेद में दस बार और यजुर्वेद में अनेक बार आया है। ब्रह्माण्ड की रचना को भी कुम्भ के सदृश ही माना गया है।पृथ्वी भी ऐसी ही आकृति ग्रहण करती है। पृथ्वी का परिक्रमण पथ भी कुम्भकार ही है।कुम्भ का उपयोग घी, अमृत और सोमरस रखने के लिए भी किया जाता था। कुम्भ में ही औषधि संग्रह और निर्माण भी किया जाता था। वेदों में कलश को समुद्रस्थ कहा गया है वहीं अथर्ववेद में पितरों के लिए कुम्भ दान का उल्लेख है।

ह्यकुम्भह्ल का शाब्दिक अर्थ है ह्यघट, कलश, जलपात्र या करवा। भारतीय संस्कृति में ह्यकुम्भह्ल मंगल का प्रतीक है। यह शोभा ,सौन्दर्य एवं पूर्णत्व का वाचक भी है। सनातन संस्कृति में समस्त धार्मिक एवं मांगलिक कार्य स्वास्तिक चिन्ह से अंकित अक्षत, दुर्वा, आम्र पल्लव से युक्त जल पूर्ण कुम्भ के पूजन से प्रारम्भ होते हैं। कुंभ आदिकाल से हमारी आध्यात्मिक चेतना के रूप में प्रतिष्ठित है।भारतीय संस्कृति में जन्म से लेकर मृत्यु तक के सभी संस्कारों में कुम्भ का सर्वाधिक महत्व है।मनुष्य जीवन की अंतिम यात्रा में भी अस्थि कलश अर्थात कुम्भ और गंगा का ही योग है।

ग्रह- नक्षत्रों की स्थिति तथा अन्य परम्पराओं के अनुसार कुम्भ के तीन प्रकार होते हैं, अर्ध कुम्भ, कुम्भ तथा महाकुम्भ, इस वर्ष प्रयागराज में हो रहा कुम्भ महाकुम्भ है, जिसमें 12 -12 वर्षों की 12 आवृत्तियां पूर्ण हो रही हैं। यह अवसर प्रत्येक 144 वर्ष के उपरांत आता है इसीलिए इसे महाकुंभ कहा जाता है।

महाकुम्भ और प्रयागराज ये दुर्लभ संयोग है क्योंकि कुम्भ झमहाकुम्भ है और प्रयागराज झतीर्थराज हैं। प्राचीन काल में प्रयागराज को बहुयज्ञ स्थल के नाम से जाना जाता था। ऐसा इसलिये क्योंकि सृष्टि कार्य पूर्ण होने पर सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने प्रथम यज्ञ यहीं किया था तथा उसके बाद यहां पर अनेक पौराणिक यज्ञ हुए। प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का त्रिवेणी संगम है। महाकुम्भ के अवसर पर यहां पर स्नान करना सहस्त्रों अश्वमेध यज्ञों, सैकड़ों वाजपेय यज्ञों तथा एक लाख बार पृथ्वी की प्रदक्षिणा करने से भी अधिक पुण्य प्रदान करता है।

प्रयागराज महाकुम्भ -2025 में सम्पूर्ण भारत वर्ष में सनातन धर्म के समस्त मत मतान्तर, समस्त अखाड़े झआश्रम तथा समस्त महान संतों का आगमन हो रहा है, ऐसे ऐसे संत पधार रहे हैं जो सामान्य रूप से दर्शन नहीं देते इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में सनातन धर्म को मानने वाले विदेशी संतों-महंतों तथा उनके शिष्यों का आगमन भी हो रहा है। यह दृश्य अत्यंत अद्भुत होता है जब आम भारतीय जनमानस को उनके भी दर्शन प्राप्त होते हैं।

प्रयागराज महाकुम्भ - 2025 में अनुमानतः 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है। मेले की तैयारियां स्वयं प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में की गई हैं । मेले के पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व के अनुरूप ही श्रद्धालुओं का अनुभव रहे इस दृष्टि से महाकुम्भ आयोजन की तैयारियां दो वर्ष पूर्व से आरम्भ कर दी गई थीं। लगभग पचास करोड़ लोगों के आतिथ्य को संभल सकने योग्य अवस्थापना का निर्माण किया गया है। उड्डयन, रेल, सड़क परिवहन ने मिलकर यात्रा सुगम बनाने के लिए अपनी सेवाओं को विस्तार दिया है। प्रयागराज नगर को पौराणिक नगरी की तरह सजाया गया है। महाकुंभ में इस बार केवल सनातन संस्कृति के अलौकिक आध्यात्मिक पहलुओं का दर्शन ही नहीं होगा अपितु विकसित होते भारत का दर्शन भी होगा। महाकुंभ मेले के प्रबंधन में प्रत्येक स्थान आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। अन्य प्रान्तों से आ रहे श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो इसके लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। डेढ़ लाख टेंटों वाली टेंट सिटी बनाई गयी है। स्वच्छता के विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। मेला परिसर में एक 100 शैय्या वाला चिकित्सालय भी स्थापित किया गया है।

महाकुम्भ -2025 में गुलामी की मानसिकता के प्रतीक शब्दों और चिह्नों को हटाने का महाअभियान प्रारम्भ हो रहा है जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम शाही स्नान का नाम बदलकर अमृत स्नान कर दिया गया है। अखाड़ों के मेला प्रवेश को अब पेशवाई के स्थान पर अखाड़ा छावनी प्रवेश कहा जाएगा। एक घाट का नाम बदलकर महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद घाट किया गया है। महाकुंभ -2025 में डिजिटल क्रांति भी देखने को मिलेगी। महाकुंभ -2025 पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक समरसता के व्यापक अभियान के लिए भी स्मरणीय बनाया जायेगा। महाकुंभ में ज्योतिष कुम्भ से लेकर स्वास्थ्य के विभिन्न क्षेत्रों के महाकुम्भ का भी आयोजन होने जा रहा है।

मेले की समाप्ति तक निर्धारित मेला क्षेत्र उत्तर प्रदेश के 76 वें जनपद के रूप में मान्य होगा, यह घोषणा मेले के विस्तार और महत्व का प्रमाण है।

**प्रेषक**
**- मृत्युंजय दीक्षित**

# प्रवासी पक्षियों को रास नहीं आया अयोध्या का ग्लोबलाइजेशन...

**ओम प्रकाश सिंह**

कंक्रीट के उगते जंगलों ने ईश्वर प्रदत्त प्राकृतिक वातावरण का हरण कर लिया है। उन वृक्षों को काटा जा रहा है जिनमें देवता वास करते हैं। जल स्त्रोत सूख रहे हैं। झील, तालाब, कुएं अब इतिहास बनते जा रहे हैं। नदियों से छेड़खानी की जा रही है। भूमाफियाओं व सरकारी अमला का काकस सक्रिय है। धार्मिक अयोध्या को हजारों करोड़ खर्च करके भव्य पर्यटन नगरी बनाया जा रहा है लेकिन जीवन के जिस हिस्से ने मयार्दा पुरुषोत्तम राम को भगवान बना आमजन में लोकप्रिय किया उस पर बुलडोजर चल रहा है। भले ही राम के आने का ढिंढ़ोरा पीटा जा रहा हो लेकिन सच्चाई यह है कि वनवासी राम के अवध क्षेत्र से प्रवासी पक्षियों ने भी दूरी बना लिया है। वन विशेषज्ञ एक बड़े अधिकारी का मानना है कि अनियमित पर्यटन से भी स्थितियां बदली हैं साथ ही सरयू की घाटबंदी से भी पक्षियों को असहजता है।

कमोवेश अयोध्या, देवीपाटन, लखनऊ मंडल को अवध क्षेत्र माना जाता है। यहां के पौराणिक ताल तलैया, झीलें प्रवासी पक्षियों को खूब रास आती थीं। बदलते वातावरण के चलते इस बार प्रवासी पक्षियों ने यहाँ से मुंह मोड़ लिया। यूरेशन टील को छोड़ दें तो इस क्षेत्र में आने वाले लगभग दर्जन भर पक्षी प्रजातियां नहीं दिखाई पड़ी। यहां साइबेरियन सारस, ग्रेटर फ्लेमिंगो, तिदार, गुलाबी पेलिकन, एशियाई गौरयाबाज, स्वैलो, उत्तरी शावलर, गैडवाल्स आदि पक्षी प्रमुख रुप से आते थे। ये अलग अलग कोई चार हजार तो कोई बीस हजार किलोमीटर की दूरी तय करके आते हैं क्योंकि कुछ उत्तरी यूरोप, कुछ साइबेरिया, कुछ आर्कटिक तो कुछ मंगोलिया आदि जगहों से आते हैं।

पांच जनवरी को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर जब कुछ पक्षी, पर्यावरण प्रेमियों ने प्रवासी पक्षियों के स्थलों को भ्रमण किया तो गंभीर मंजर सामने आया। गोंडा जनपद के हजारों एकड़ में फैले बांके ताल, भरथौली ताल और टेढ़ी नदी के कई हिस्सों पर एक भी प्रवासी पक्षी के दर्शन नहीं हुए। कई दशक से ये जल राशियां प्रवासी व स्थानीय पक्षियों से भरी होती थीं। मत्स्य आखेट, झीलों के किनारे तक फैली खेती और मौसम में परिवर्तन इनके यहां न आने के बड़े कारण हैं। पर्यावरण एक्टिविस्ट अभिषेक दूबे कहते हैं कि बदलते मौसम के कारण प्रवासी पक्षियों की आमद कम हुई है। यहां तक कि भरतपुर में भी साइबेरियाई क्रेन अब नहीं आते हैं। जो आते हैं, उन्होंने ने भी भोजन, सुरक्षा आदि के आधार पर अपना ठिकाना बदल लिया है।

दूबे बताते हैं कि इनके आने का मकसद सर्दियों से बचना है। सर्दियों में गोलार्ध के एकदम उत्तर में तापमान शून्य से काफी नीचे पहुंच जाता है तो फिर वहां इनके खाने के लिए भोजन, प्रजनन और जीने के लिए भी अनुकूल तापमान नहीं मिल पाता तो वे दक्षिण की ओर का रुख करते हैं। साइबेरियन क्रेन और ग्रेटर फ्लैमिंगो प्रवासी पक्षी है जो आमतौर पर सर्दियों के मौसम में भारत में देखे जाते हैं। एशियाई गौरैयबाद सर्दियों के दौरान भारत और म्यांमार की ओर प्रवास करते हैं। स्वैलो जो एक छोटा पक्षी है दक्षिणी इंग्लैंड से दक्षिणी अफ्रीका की ओर प्रवास करता है। पंक्षी प्रेमी आजाद सिंह कहते हैं कि ठंडी कम पड़ने से भी प्रवासी पंक्षी हिमालय के तुरंत बाद ही कई क्षेत्रों मे रुक गए हैं और कई नए आशियाने भी बने हैं। कुछ शिकारी भी सक्रिय है जिनसे ये दूरी भी बना ले रहे। अयोध्या के मांझा क्षेत्र में बहुत संख्या में सुरखाब आते थे पर इनका क्षेत्र अब विकास की भेंट चढ़ चुका है जो कि बहुत दुखद है पर कहीं कोई सुनने वाला नहीं है।

देवीपाटन मंडल प्राकृतिक रुप से ज्यादा समृद्ध हैं लेकिन यहां स्थित और चिंताजनक है। बघेल ताल, सीताद्वार झील, सुहेलवा के बीच पहाड़ी नालों को रोककर बनाए गए विभिन्न कृत्रिम जलाशय, सुहेला ताल, बांके ताल, पार्वती और अरगा झील, कोंडर झील, भरतौली ताल, अथार्नी ताल, कुकही ताल आदि जगहों पर भारी संख्या में प्रवासी पक्षी आते थे। इसमें से अरगा बाकियों से बेहतर स्थिति में है क्योंकि एक तो ये सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित क्षेत्र में है और दूसरा इसका रेंज ऑफिस झील के किनारे ही है तो मत्स्य आखेट पर बड़ी सख्ती है। बघेल ताल है बहराइच जिले में लेकिन श्रावस्ती वन प्रभाग में आता है। इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ रहा।

# अवैध निर्माण व कब्जा: भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कसने की जरूरत

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

आज दिल्ली एनसीआर सहित देश के विभिन्न शहरों में अवैध निर्माण और कब्जा बहुत जटिल समस्या बन गई है। विडंबना है कि देश के विभिन्न शहरों में भूमाफिया न केवल सक्रिय बल्कि वे जमीनों पर अवैध कब्जा कर अथवा अवैध तरीके से निर्माण कर जमीन और भवनों को भोलेभाले लोगों को बेच देते हैं। यह सारा काम प्रशासनिक अधिकारियों से साठगांठ से किया जाता है और बाद में इन अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए अदालतों में इस आधार पर अपील दायर की जाती है कि निर्माण अत्यधिक पुराना है लिहाजा उसे वैध कर दिया जाए। प्रश्न है कि भूमाफिया और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच इस षडयंत्र के कुचक्र को तोड़ने के लिए सरकारें क्या कर रही हैं प्रश्न यह भी है कि प्रदेश सरकारें इस कुचक्र पर प्रहार क्यों नहीं करती ऐसे मामलों पर अदालतों को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है कहीं ऐसा तो नहीं कि भूमाफिया के अवैध धंधों को संरक्षण मिला हुआ है

प्रशासनिक देरी, समय बीतने या निवेश के कारण कोई अवैध निर्माण वैध नहीं हो सकता। यह बात देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत माह 18 दिसंबर को एक फैसले के सिलसिले में यह टिप्पणी भी की। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश के विभिन्न नगरों एवं महानगरों में भूमाफिया सक्रिय हैं। वे न केवल अवैध कब्जा करते और निर्माण करते हैं बल्कि उन जमीनों पर कालोनी काटकर अथवा भवन बनाकर लोगों को बेच रहे हैं। इन भूमाफियाओं की स्थानीय अधिकारियों एवं नेताओं से इतनी गहरी साठगांठ होती है कि जब वे यह सब करते हैं तो प्रशासनिक अधिकारी और नेता इसकी न केवल अनदेखी करते हैं बल्कि समय बीतने के साथ ही वे अवैध निर्माण को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं।

यूं तो संपूर्ण देश में अवैध निर्माण एक संगठित अपराध बनकर उभरा है पर देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। भूमाफिया काम के सिलसिले में देश के अनेक हिस्सों से आने वाले लोगों को मकान और दुकान बेचने के नाम पर ठग रहे हैं और वे भ्रष्ट अधिकारियों से साठगांठ कर सरकार को करोड़ों का चूना भी लगा रहे हैं। आज दिल्ली के अंदर आने वाले गांव, दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुड़गांव के गांवों के आसपास और शायद ही कोई ऐसा सेक्टर होगा, जहां पर भूमाफिया ने अवैध निर्माण कर लोगों को ठगा न हो।

मजे की बात यह है कि जब यह अवैध निर्माण चलता है प्राधिकरण अथवा प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करते क्योंकि माफिया इसके बदले अधिकारियों की जेबें जमकर गरम करते हैं। आपने सुना होगा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा अथवा गाजियाबाद प्राधिकरणों के अधिकारियों के घरों पर विजीलेंस, ईडी अथवा आयकर विभाग की टीमें प्रायः छापे मारती हैं और उनके घरों से अकूत संपत्ति भी पकड़ी गई है। नोएडा के कई ऐसे बहुचर्चित अधिकारी सरदार मोहिंद सिंह, रविंद्र यादव, यादव सिंह आदि हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं।

पहले निर्माण और बाद में बुल्डोजर चलाने के मामले में 18 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट को दिशा-निर्देश भी जारी करने पड़े। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि निर्माण के बाद होने वाले कानूनी उल्लंघनों के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

ऐसे निर्माण को गिराने के साथ दोषी अधिकारियों पर भी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। पीठ ने मेरठ में एक रिहायशी भूमि पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माण के ध्वस्तीकरण को सही ठहराते हुए कहा, शहरी योजना से जुड़े कानूनों व अधिकारियों की जिम्मेदारियों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

अवैध निर्माण को नियमित करने वाली योजनाएं केवल असाधारण परिस्थितियों में और विस्तृत सर्वेक्षण के बाद आवासीय घरों के मामले में एक बार के उपाय के रूप में लाई जानी चाहिए।

अनधिकृत निर्माण, उसमें रहने वालों और आस-पास रहने वाले नागरिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा करने के अलावा, बिजली, भूजल और सड़कों तक पहुंच जैसे संसाधनों पर भी प्रभाव डालते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से व्यवस्थित विकास और अधिकृत गतिविधियों के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। यहां अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष अनेक सवाल रख रहा हूं। प्रश्न है कि अवैध कालोनी और फ्लैटों की रजिस्ट्री क्यों और कैसे होती है अगर जमीन और निर्माण अवैध है तो इन भवनों को कंपलीशन सर्टिफिकेट कैसे मिल जाता है बिजली विभाग यहां पर कनेकसन क्यों और कैसे दे दिया जाता है नगर निगम अथवा प्रशासन यहां पानी का कनेक्सन कैसे उपलब्ध करा देता है यह भी देखा गया है कि यह सब होने के बाद स्थानीय नेता यहां रहने वालों के राशनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवा देते हैं, आखिर इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध कौन लगाएगा लोगों को अवैध निर्माण से मुक्त कराना है तो प्राधिकरणों और प्रशासन को अवैध निर्माण की निगरानी का सशक्त तंत्र बनाना चाहिए। अगर किसी भी इलाके में अवैध निर्माण हो रहा है तो अधिकारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही उसके ढहा देना चाहिए। बावजूद इसके यदि वहां अवैध निर्माण हो गया है तो उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ संख्त कदम उठाए जाएं।

सरकारी एवं अधिसूचित जमीनों का नियमित तौर पर सर्वे कराया जाए। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। हाल ही में दिल्ली में सरकारी जमीन पर कब्जे की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और सर्वे ऑफ इंडिया ने एक अहम समझौता किया है। इसके तहत ड्रोन सर्वे की मदद से जमीन का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे से अतिक्रमण का आसानी से पता लगाया जा सकेगा और उस पर नजर रखी जा सकेगी।

किसी भी शहर के सुनियोजित विकास और लोगों को समुचित सुरक्षित एवं गुणात्मक सुविधा प्रदान करना शासन और प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों दोनों पर ही नकेल कसने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# अब तक के सभी कुम्भ पर्वों के सापेक्ष कहीं अधिक दिव्य और भव्य होगा महाकुम्भ 2025 प्रयागराजः सीएम





## अब तक के सभी कुम्भ पर्वो के सापेक्ष कहीं अधिक दिव्य और भव्य होगा महाकुम्भ 2025 प्रयागराजः सीएम

### यत्र विश्वं भवत्येकनीडम् की वैदिक परिकल्पना का उत्कृष्ट उदाहरण है महाकुम्भः मुख्यमंत्री

### महाकुम्भ से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपए की होगी वृद्धिः सीएम योगी

### डिजिटल मीडिया सेंटर के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने नए प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों से की वार्ता

### पत्रकारों से अपील, अपनी सकारात्मक रिपोर्टिंग से पूरी दुनिया में प्रयागराज और यूपी को बनाएं बेहतरीन डेस्टिनेशन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाकुम्भ 2025 अब तक के सभी कुम्भ पर्वों से अधिक दिव्य और भव्य होगा। इस महाकुम्भ में आस्था और आधुनिकता का समागम होगा और यह समागम प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कैसे खुशहाली ला सकता है, इसका उदाहरण भी बनेगा। उन्होंने कहा कि लाखों लोग इस महासमागम और व्यवस्था के साथ जुड़े हुए हैं। ये प्रयागराज के साथ साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। अकेले प्रयागराज कुम्भ से अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपए का ग्रोथ होने का अनुमान है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ सांस्कृतिक एकता का ऐसा महायज्ञ है जो पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण न केवल भारतवर्ष को अपितु सम्पूर्ण विश्व को एक नीड़ (घोंसले) में लाकर स्थापित कर देता है। यजुर्वेद का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यजुर्वेद में कहा गया है "यत्रविश्वं भवत्येक नीडम्" अर्थात जहाँ सम्पूर्ण विश्व एक घोंसले में आ जाता है। महाकुम्भ उसी परिकल्पना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

गुरुवार को महाकुंभ नगर में डिजिटल मीडिया सेंटर का लोकार्पण करने के बाद पत्रकारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारों ने आस्था का सम्मान नहीं किया। हमने आस्था का सम्मान किया और आस्था कैसे अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है, प्रयागराज इसका उदाहरण बनने जा रहा है। उन्होंने देश भर के पत्रकारों से अपील की कि हमने इस महाआयोजन को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक महासमागम के रूप में प्रस्तुत करने की जो योजना बनाई है, उसे अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से पूरी दुनिया में प्रसारित करना होगा, ताकि न केवल प्रयागराज बल्कि उत्तर प्रदेश को दुनिया के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जा सके। यह मान्यता प्रयागराज को पहले ही मिल जानी चाहिए थी, लेकिन आपकी रिपोर्टिंग आज प्रयागराज को उसका हक दिलाने में मददगार होगी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पत्रकार बंधुओं की आवश्यकता और अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए सूचना विभाग द्वारा यह सर्वसुविधायुक्त मीडिया सेंटर तैयार किया गया है। खबरें फाइल करनी हों या इंटरव्यू और पॉडकास्ट, एडिटिंग हो या संदर्भ ग्रंथों की आवश्यकता, आप सभी की हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। 2019 कुम्भ को आपने आस्था के अद्भुत संगम के रूप में देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत किया था। परिणाम था कि यूनेस्को ने प्रयागराज कुम्भ को मानवता की अमूर्त विरासत की मान्यता प्रदान की। इस बार भी विश्व मानता के कल्याण का मार्ग यहां से प्रशस्त हो, इसके लिए यह मीडिया सेंटर आपको समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष के बाद महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है और उसमें भी 144 वर्ष का वह शुभ मुहुर्त आया जो सचमुच आज की पीढ़ी के लिए सौभाग्य की बात है। यह उनके लिए भी गौरव का क्षण है जो जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस आयोजन से जुड़े हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि सनातन गर्व के प्रतीक महाकुम्भ पर्व का आयोजन करने का डबल इंजन सरकार को अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी ने 5500 करोड़ की स्थायी परियोजनाओं का लोकार्पण किया। यह स्थायी विकास के कार्य हैं, जो प्रयागराज को नई पहचान देने वाले हैं। पांच कॉरीडोर, प्रयागराज के छत्र कहे जाने वाले अक्षयवट का भव्य कॉरिडोर, भारद्वाज आश्रम कॉरीडोर, हनुमान मंदिर कॉरीडोर, प्रभु श्री राम और उनके सखा निषादराज की मिलन स्थली श्रृंगवेरपुर कॉरिडोर और सरस्वती कूप कॉरीडोर को प्रधानमंत्री जी ने लोकार्पित किया है। ब्रह्मा जी का यज्ञस्थल दशाश्वमेध घाट व मंदिर, नागवासुकि मंदिर या द्वादशमाधव के मंदिरों का जीर्णोद्धार, प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को अविस्मरणीय बना देगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु वर्षों से पक्के घाट की प्रतीक्षा कर रहे थे, इस बार 12 किलोमीटर पक्के घाट बनाकर इस चिरप्रतीक्षित कार्य को पूरा कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज के अंदर 2019 के कुम्भ के दौरान भी इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य हुआ था। इस बार उससे भी दोगुना कार्य किया गया है। महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने मेला प्राधिकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुम्भ का आयोजन मां गंगा और यमुना के तट पर ही संपन्न होता है और आयोजन के लिए हम लोगों के पास दिसंबर तक का समय होता है। अत्यधिक वर्षा के कारण हमें सिर्फ ढाई माह का समय मिला और उस दौरान तटों व नदी को व्यवस्थित करना, वहां कैंप लगाने, अस्थाई आश्रम स्थापित करके सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया गया। इस मास्टर प्लान और लेआउट प्लान को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य इन ढाई महीने के अंदर मेला प्राधिकरण ने संपन्न कराया है।

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि 2019 कुम्भ के पहले कुछ लोग भारत की आस्था, उसके सम्मान की कोई कीमत नहीं समझते थे। उन लोगों ने कुम्भ को गंदगी, अव्यवस्था और भगदड़ का पर्याय बनाया था। उनके लिए यह सबक होना चाहिए। कुम्भ इस बार आस्था और आधुनिकता के महासमागम के साथ दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन से जुड़ने जा रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी इस महाआयोजन की साक्षी बनेगी। 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु यहां आएंगे। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 2019 का कुम्भ स्वच्छता का प्रतिमान बना था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा, आज त्रिवेणी संगम को भी शुद्ध जल उपलब्ध हो रहा था। 2025 में और बेहतर व्यवस्था देखने को मिल रही है। 2019 में यहां पर कुल 1.15 हजार टॉयलेट बन पाए थे, इस बार ये 1.5 लाख से अधिक बन चुके हैं। ऐसे ही सेक्टर की संख्या बढ़ाई गई। प्रयास किया गया है कि संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। इसके लिए 550 शटल बसें और इलेक्ट्रिक बसें भी उपलब्ध कराई गई हैं। कुम्भ स्वच्छ और सुरक्षित भी रहे इसकी भी पुख्ता व्यवस्था की गई है। 56 थाने बनाए गए हैं। एक एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। एंटी ड्रोन सिस्टम यहां स्थापित हो चुका है। पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरों का कवरेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 13 अखाड़े स्थापित हो चुके हैं। दंडीबाड़ा, खाकचौक, आचार्यबाड़ा ये सभी व्यवस्थित रूप से यहां संचालित हो रहे हैं। प्रयागवाल भी अपनी व्यवसथ्वा को आगे बढ़ा रहा है। इस दौरान 25 से 30 लाख कल्पवासी भी अगले एक महीने तक प्रयागराज में रहेंगे। वे भी यहां एक-दो दिन में पर्याप्त मात्रा में प्रवेश कर जाएंगे। सीएम ने कहा कि इस बार 6 प्रमुख स्नान में तीन परंपरागत रूप से शाही स्नान थे जिन्हें पूज्य संतों ने अमृत स्नान के रूप में मान्यता दी है। मौनी अमावस्या के दिन हमारा अनुमान है कि 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज आएंगे। बसंत पंचमी में भी हमारा अनुमान है कि 5-6 करोड़ श्रद्धालु स्नान करने आएंगे। मकर संक्रांति के अवसर पर भी भारी मात्रा में श्रद्धालु आने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 3 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनें दी हैं। यहां पर पहले से एयर कनेक्टिविटी के लिए 14 नई फ्लाइट्स जोड़ी गई हैं। 8 हजार से अधिक परिवहन की बसें श्रद्धालुओं को लाने के लिए लगाई गई हैं। 9 रेलवे स्टेशन हैं, जहां श्रद्धालुओं के लिए वेटिंग स्टेशन बनाए गए हैं जिसमें एक लाख लोगों के रुकने की व्यवस्था रहेगी। मोबाइल टिकट भी हर स्टेशन पर उपलब्ध होंगे। डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से सभी परिवहन स्थलों पर गाड़ियों के आने जाने की सूचना मिलेगी। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना एवं जनसम्पर्क संजय प्रसाद व अन्य प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## सीएम योगी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ किया भोजन, भेंट किए उपहार

### सीएम योगी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ किया भोजन, भेंट किए उपहार

### रात्रि भोज के बाद सभी पूज्य संतों का सीएम योगी ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान, भोज में शामिल होने के लिए जताया आभार

### सभी साधु संतों ने सीएम योगी को दिया धन्यवाद, की महाकुम्भ 2025 के सकुशल और भव्य संपन्न होने की कामना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के पहले दिन साधु संतों के साथ रात्रि भोज किया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। इस रात्रि भोज में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के पूज्य संत उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित इस भोज के बाद सभी संतों को उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों का भोज में सम्मिलित होने के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर सभी साधु संतों ने सीएम योगी को धन्यवाद दिया और महाकुम्भ के सकुशल और भव्य संपन्न होने की कामना की।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित रेडियो ट्रेनिंग हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आयोजित इस रात्रि भोज कार्यक्रम में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा समेत प्रयागवाल के कुल 20 साधु संत सम्मिलित हुए। इनमें जूना, निरंजनी, उदासीन बड़ा, निर्मल,तीनों वैष्णव अखाड़े (निमोर्ही, दिगंबर, निवार्णी), अग्नि, आवाहन, अटल, आनंद, निरंजनी अखाड़े के पूज्य संत शामिल रहे। खाकचौक से महामंडलेश्वर संतोष दास (सतुआ बाबा) भी उपस्थित रहे। सीएम योगी के आग्रह पर आए इन साधु संतों को सात्विक भोजन परोसा गया। भोज में सम्मिलित संतों के अनुसार, निर्धारित जिसमें मूंग और अरहर की दाल, चने का साग, पनीर की सब्जी, आलू-मेथी सोया, मलाई कोफ्ता, मटर निमोना एवं मूंग का हलवा था। भोज के बाद मुख्यमंत्री ने सभी साधु संतों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

## यूपी के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है महाकुम्भः योगी

### यूपी ही नहीं कई राज्यों की पूरी कैबिनेट कर रही संगम स्नान की तैयारीः मुख्यमंत्री

### 7186 संस्थाओं को शिविर के लिये भूमि आवंटित, पहली बार लगेंगे 1200 संस्थाओं के शिविर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे** प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए पूरी दुनिया में अपूर्व उत्साह है। हर कोई प्रयागराज आने की तैयारी कर रहा है। देश के भीतर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों की पूरी कैबिनेट संगम स्नान करने की तैयारी कर रही है। अब तक 80% टेंट की बुकिंग हो चुकी है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फॉउंडेशन और आईआईटी जैसी संस्थाएं इस बार महाकुम्भ के विविध आयामों पर शोध-अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन करने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का यह अवसर उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है। उत्तर प्रदेश को इसका लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सनातन भारतीय संस्कृति के इस सबसे बड़े उत्सव के सफल आयोजन में 'टीम यूपी' अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रतिबद्ध है। 12 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के पहले स्नान में अब महज तीन दिन ही शेष हैं। इससे पहले दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत न केवल मेलाक्षेत्र में हो रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया, बल्कि प्रयागराज नगर और आस-पास के जिलों में इस संबंध में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रयागराज को आकर्षक स्वरूप देने वाले गंगा, यमुना व सरस्वती स्वागत द्वारों और नक्षत्र वाटिका साहित अनेक नवीन कार्यों का मुख्यमंत्री ने डिजिटली लोकार्पण भी किया।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आइसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों से बारी-बारी उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से जुड़ी जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने इंटेलिजेंस को और बेहतर करने के निर्देश दिए, वहीं यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन/आपदा की स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स के लिए बेहतर प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी की तैनाती जिस सेक्टर में वह रात्रि विश्राम उसी सेक्टर में करे। क्राउड मैनेजमेंट पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़ का महाकुम्भ में भीड़ का भारी दबाव होना स्वाभाविक है। इसलिए क्राउड मैनेजमेंट की कार्ययोजना तैयार करके उसकी व्यवहारिकता का परीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने दूसरे जिलों से प्रयागराज की ओर आने वाले मार्गों पर लगातार पुलिस की गश्त बनाये रखने की जरूरत बताई। पौष पूर्णिया से पहले दो दिनी विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से इसमें प्रतिभाग की अपील की। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रयागराज नगर हो अथवा मेला क्षेत्र, अतिक्रमण कहीं नहीं होना चाहिए।

मेलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि महाकुम्भ के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जा चुकी है। सभी डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो गई है। अब तक सभी 30 पांटून पुल, सभी 626 साइनेज, 635 किमी चकर्ड मार्ग, पेयजल के लिए 503 किमी डीआईपी लाइन, 573 किमी जीआईपी लाइन, 5590 पेयजल स्टैंड पोस्ट, 200 किमी ड्रेनेज निकासी लाइन, 54700 स्ट्रीट लाइट, 173 किमी एचटी लाइन, 1310 किमी एलटी लाइन, 227 बिजली सब स्टेशन की स्थापना की जा चुकी है। इसी तरह, 100 बेड का एक, 25-25 बेड के दो, 20-20 बेड के चार व 60 बेड के बर्न यूनिट सहित प्रयागराज नगर के निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त बेडों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा चुकी है।

जल निगम को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर श्रद्धालु को शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। पेयजल पाइपलाइन जहां नहीं पड़ी है, वहां तत्काल व्यवस्था ठीक की जाए। तैयारियों पर संतोष जताते हुए मुख्यमंत्री ने अवशेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक शौचालय, संस्थाओं के शौचालय, सरकारी विभागों के शिविरों में शौचालयों की स्थापना का काम तेजी से पूरा कराया जाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि इनकी सफाई नियमित रूप से हो जाए। निमार्णाधीन सड़क परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली-प्रयागराज मार्ग का कार्य थोड़ा सा शेष है, इसे तेजी के साथ पूरा कर लें।

## कल्यानपुर थाने का कप्तान ने किया निरीक्षण





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने कल्याणपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। वहीं कप्तान को देखकर थाने में हड़कंप मचा रहा। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल द्वारा थाना कल्यानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्ट्रर, जनसुनवाई/महिला हेल्प डेस्क, उउळठर, सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए ।

## जगद्गुरु महेंन्द्रानंद गिरी के शिविर में प्रतिदिन बन रहा 15000 रोटला

### अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन 10 से 15 हजार लोग ग्रहण कर रहे प्रसाद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर के सेक्टर -16 हर्षवर्धन मार्ग के चौराहे पर जगद्गुरु गगार्चार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि महराज जूनागढ़ का शिविर लगा हुआ है। शिविर में विशाल अन्नक्षेत्र शुरू हो गया है। शिविर में चल रहे विशाल अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन 10 से 15 हजार लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। जगद्गुरु गगार्चार्य मुचकुन्द पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रानंद गिरि महराज ने बताया कि प्रतिदिन शिविर में 10 से 15 हजार रोटला (रोटी) बन रही है जिस पर देशी घी लगाकर लोगों को खाने के लिए अन्नक्षेत्र में दिया जा रहा है। यह रोटला दर्जनभर महिलाएं बड़े तावे पर बनाती है। उन्होंने बताया कि अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन रोटला (रोटी), चावल, दाल, सब्जी, पूड़ी,खीर, रसगुल्ला सहित अन्य खाना बन रहा है। उन्होंने बताया अन्नक्षेत्र के लिए प्रतिदिन शिविर में 15,000 रोटला (रोटी) बन रही है। यह रोटी बड़े तावे पर एक साथ 20 से 25 तक बनाई जा रही है। रोटी पर जूनागढ़ के गायों के शुद्ध घी लगाया जाता है। यह रोटी सुबह से शाम तक शिविर में बनती रहती है। गुजरात से आई पांच दर्जन महिलाएं सुबह पांच बजे से रोटला शाम तक बनती है। उन्होंने बताया कि पूरी कोशिश रहती है कि ठंडक में सभी लोगों को गर्म रोटला खाने को मिले। उन्होंने बताया कि संगम की रेती पर अन्नदान से लोगों की सेवा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातनधर्मी को तीर्थराज प्रयागराज में माघ मास में दान अवश्य करना चाहिए चाहे वह अन्नदान हो, वस्त्र दान हो या अन्य दान हो।

## प्राचीनतम संस्कृति का अधुनातन माध्यम से साक्षात्कार कराएगा डिजिटल महाकुम्भ एक्सपीरियंस सेंटरः मुख्यमंत्री

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भनगर। विश्व की प्राचीनतम संस्कृति कक अधुनातन माध्यम से साक्षात्कार कराने वाला** डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर क्रियाशील हो गया है। गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्य, भव्य डिजिटल महाकुम्भ के इस महत्वपूर्ण सोपान 'डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल महाकुम्भ एक्सपीरिएंस सेंटर सही मायनों में महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करता है। उन्होंने डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर में वीआर तकनीक के माध्यम से दिखाई जा रही समुद्र मंथन की गाथा की अनुभूति कर, इसकी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने डिजिटल एक्सपीरिंएंस सेंटर की अन्य सभी गैलरी का निरीक्षण भी किया और इसे नई पीढ़ी को भारत की प्राचीनतम् संस्कृति से परिचित करवाने का सबसे उपयुक्त केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी जो महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए आएगी, उसे डिजिटल महाकुम्भ एक्सपीरिएंस सेंटर पर जरूर आना चाहिए। इस सेंटर के माध्यम से भावी पीढ़ी को प्राचीनतम भारत की झलक देखने को मिलेगी। वो अपनी जड़ों को महसूस कर पाएंगे और सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था और प्रगाढ़ होगी। न सिर्फ युवा, बल्कि हर एक श्रद्धालु को यहां असीम शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति प्राप्त होगी। वहीं, विदेशी पर्यटक भी भारत की संस्कृति और इसकी प्राचीनता को महसूस करेंगे।

***एआई और वर्चुअल रिएलिटी का संगम है डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर***

महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 3 में बना,डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से महाकुम्भ की पौराणिक कथाओं, समुद्र मंथन, प्रयाग महात्म और त्रिवेणी संगम को डिजिटल रूप से दिखाएगा। डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर 60 हजार स्कायर फीट के क्षेत्र में 12 जोन में बंटा हुआ है। इसमें एआई, वीआर, ए आर, होलोग्राम और एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से पौराणिक गाथाओं को दशार्या गया है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर में समुद्र मंथन की गाथा की स्वतः अनुभूति कर सकेंगे।

# 'आप' की संजीवनी पर कांग्रेस ने किया 'जीवन रक्षा योजना' का ऐलान




## 25 लाख तक का इलाज होगा मुफ्त

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को एक और बड़ी घोषणा की। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने 'जीवन रक्षा योजना' लॉन्च की, जिसके तहत लोगों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस, राजस्थान में ऐसी ही योजना ला चुकी है और सरकार बनते ही 25 लाख रुपये तक की जांच और इलाज दिल्ली वालों को दिया जाएगा। यह बहुत ही बेहतर स्वास्थ्य योजना है।दिल्ली की जनता को इस योजना का बेहतर लाभ मिलेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पताल में दवाइयों की कमी, जांच के लिए लंबी-लंबी तारीख आदि की खबरें उन्हें मिलती है। सिर्फ घोषणा और वादा कर देने से लोगों को लाभ नहीं मिलता। प्रदेश कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव को जिस गंभीरता से लड़ रही है, उम्मीद है कांग्रेस की सरकार बनेगी और आज जिस स्वास्थ्य योजना का ऐलान कर रहे हैं, यह हवा-हवाई नहीं है। राजस्थान में हमारी सरकार ने इसे लागू किया लोगों को इसका फायदा मिला है।

**योजना को तुरंत किया जाएगा लागू:**

अशोक गहलोत ने आगे कहा, केंद्र में कांग्रेस की सरकार और दिल्ली में शीला दीक्षित की सरकार, दोनों के कार्यकाल लोगों ने देखा है। बीजेपी में तब झूठे वादे कर लोगों से कहा कि केंद्र में बीजेपी की सरकार बनेगी तो हम कालाधन लाएंगे लोगों को 15 लाख रुपए मिलेंगे।

वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जन लोकपाल बिल लाने, शीला दीक्षित सरकार घोटाले के मनगढ़ंत आरोप लगाए, जिसका नतीजा रहा कि सरकार चली गई। लेकिन आज जो हालात हैं, उससे लोग कांग्रेस के बीते दिनों को याद कर रहे हैं। इस विधानसभा चुनाव में दिल्ली में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर होगा, कांग्रेस की सरकार बनी तो जीवन रक्षा योजना को दिल्ली में तुरंत लागू किया जाएगा।

वहीं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, राजस्थान में जिस तरह चिरंजीवी योजना ने लोगों का जीवन बेहतर किया, उसी तरह की योजना दिल्ली में लेकर आए हैं। यह योजना हर दिल्लीवासी को उनके जीवन का भरोसा देगी। यहां हवा में जहर है, पानी दूषित है, खाने में मिलावट है, जिससे लोगों को बिमारियों ने जकड़ लिया है। इसके चलते दिल्ली बीमार नजर आती हैं। दिल्ली व केंद्र सरकार की व्यवस्थाएं चरमरा कर रह जाती है। इसलिए हमने यह योजना लाने का फैसला लिया, जिसमें प्राइवेट अस्पताल भी शामिल रहेंगे। दिल्ली में सरकारी स्ट्रक्चर नकाफी साबित हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की वर्तमान सरकार ने स्वास्थ्य सुविधा को लेकर तमाम वादे किए थे, लेकिन कोई काम नहीं किया। इसलिए हम दिल्ली की जनता के लिए यह योजना लेकर आए हैं।

## सीईओ ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 की घोषणा के बाद दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने बुधवार को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव व्यय निगरानी उपायों के कार्यान्वयन पर पार्टियों को जानकारी देना था। बैठक में सीईओ ने आदर्श आचार संहिता के पालन के महत्व पर जोर दिया। यह आचार संहिता चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद से लागू हो गई। उन्होंने राजनीतिक अभियानों, नैतिक प्रथाओं और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियों के निषेध के लिए प्रमुख दिशा-निदेशों पर प्रकाश डाला। सीईओ ने चुनाव व्यय की निगरानी के उपायों को भी रेखांकित किया, जिसमें व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, निगरानी दल और उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्षों की स्थापना शामिल है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अभियान के वित्त में पारदर्शिता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यय विवरण प्रस्तुत करने का आग्रह किया। बैठक में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने खुल कर अपने सवाल किए और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उनका जवाब दिया। कई प्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया भी व्यक्त कीं। इस बैठक में आम आदमी पार्टी (आआपा), बहुजन समाज पार्टी (दिल्ली प्रदेश), भारतीय जनता पार्टी (दिल्ली प्रदेश),भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई)(मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (दिल्ली राज्य) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# चुनाव में टीएमसी आप को देगी समर्थन : अरविंद केजरीवाल




**नई दिल्ली**

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी (आआपा) का समर्थन करेगी। इसकी जानकारी खुद आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दी है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में तृणमूल पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर व्यक्तिगत रूप से ममता बनर्जी का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ह्यटीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आआपा को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है।

उल्लेखनी है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को चुनाव आयोग ने तारीख का ऐलान कर दिया है। पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को मतगणना होगी। आम आदमी पार्टी ने अभी तक सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं।

## सिख दंगा : सरस्वती विहार मामले में सज्जन कुमार के खिलाफ 21 जनवरी को फैसला

**नई दिल्ली**

**रा**ऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में पूर्व कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले पर 21 जनवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 8 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 4 दिसंबर, 2021 को सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। सज्जन कुमार ने 16 दिसंबर, 2021 को इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए ट्रायल का सामना करने की बात कही थी। यह मामला 01 नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह के घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे।

शिकायत के मुताबिक सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया। भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 395, 397, 302, 307, 436 और 440 की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

# बीजेपी के भगवा पर 'आप' की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

## मंदिर प्रकोष्ठ के कई बड़े पदाधिकारी पार्टी में हुए शामिल

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनावों की बिसात बिछ चुकी है। जोड़ तोड़ , आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चरम पर है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ने बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ में बड़ी सेंधमारी कर दी है। बीजेपी मंदिर प्रकोष्ठ के सदस्यों के आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर बीजेपी को झटके के तौर पर देखा जा रहा है। आप ने अपने नए विंग 'सनातन सेवा समिति' की भी घोषणा कर दी है।




**ये पदाधिकारी हुए आप में शामिल:**

बीजेपी मंदिर प्रकोष्ठ के जो पदाधिकारी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं, उनमें विजय शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, ब्रजेश शर्मा, मनीष गुप्ता, दुष्यन्त शर्मा, उदयकांत झा शामिल हैं।

**बोले केजरीवाल: 'बीजेपी के मंदिर प्रकोष्ठ ने कुछ नहीं किया'**

इस दौरान आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, "भाजपा का मंदिर प्रकोष्ठ है जिसमें वे केवल वादे करते रहे कुछ नहीं किया। जो करता है वो ऊपर वाला ही करता है। आप बनी, दिल्ली में सरकार बनी। दिल्ली से शिक्षा और स्वास्थ्य क्रांति की शुरूआत हुई।

अब सनातन के लिये जो इतना बड़ा काम किया जा रहा है। जो लोग सनातन धर्म के लिये काम कहे है उनकी सेवा करने का काम हमें मिला है। इसके लिये हम भगवान का शुक्रिया करते हैं। हां और जो हमने कहा है वो जरूर करते हैं कहा जाता है रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना जाये। इसी तरह अपना वादा निभायेंगे।"

# वीरेन्द्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री आतिशी से पूछे चार सवाल

**नई दिल्ली**

**दिल्ली भाज**पा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा बुधवार दोपहर कुछ पार्टी कार्यकताओं एवं पत्रकारों के साथ नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के समीप स्थित 17 एबी मथुरा रोड बंगले पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह बंगला मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना को आवंटित है, लेकिन इसमें मुख्यमंत्री स्वयं कभी नही रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी पर सत्ता के दुरुपयोग कर अपने कुछ राजनीतिक साथियों को बंगले में रखने का आरोप लगाया। सचदेवा ने मुख्यमंत्री से चार सवाल भी किए। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि हम यहां मुख्यमंत्री आतिशी से मिलने आये हैं। उनके न मिलने पर सचदेवा ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से चार सवाल पूछे। सचदेवा ने पहला सवाल पूछ कि आतिशी




मालेर्ना बताएं 17 एबी मथुरा रोड का बंगला किसको आवंटित है ? कि क्या यह सच नहीं है कि 17 एबी मथुरा रोड से तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने 1998 से 2004 तक सरकार चलाई थी तो आतिशी मार्लेना क्यों नही चला सकतीं ?

तीसरा सवाल कि आतिशी बतायें कि 2015 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे तो फिर 6 फ्लैग स्टाफ रोड को मुख्यमंत्री आवास घोषित क्यों नही किया? सचदेवा ने आतिशी से चौथा सवाल पूछा कि आतिशी मालेर्ना बतायें कि 17 एबी मथुरा रोड का बंगला, जो उनको आवंटित है, उसमें कौन रहता है । सचदेवा ने कहा कि ओछी राजनीति में माहिर आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता शीशमहल बंगले की बदनामी से बचने के लिए प्रधानमंत्री आवास पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास पर सवाल पूछने से पहले "आआपा" नेता यह जान लें कि प्रधानमंत्री आवास एक दर्जा प्राप्त आवास है, जहां प्रधानमंत्री रहते हैं। प्रधानमंत्री आवास में जो निर्माण हुए, वह घोषित रूप से हुए जबकि केजरीवाल सरकार ने 6 फ्लैग स्टाफ रोड के बंगले का निर्माण चोरी चुपके नियम तोड़ कर किया। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, विक्रम मित्तल और शुभेन्दु शेखर अवस्थी आदि भी थे।

## मीडिया पर भी आचार संहिता का असर, जड़ दिया मीडिया सेंटर पर ताला

**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में चुनाव घोषणा होने के बाद जीएडी के आदेश अनुसार दिल्ली सचिवालय परिसर में स्थित मीडिया रुम पर ताला लटका दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौर तक सचिवालय में मीडिया रुम में पत्रकारों पर आने-जाने पर पाबंदी लगाकर बंद कर दिया गया। आपको बता दें कि पहली बार मीडिया को भी आचार संहिता के दायरे में लाकर खड़ा करा दिया है, जोकि नियमों के विरुद्ध है। विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली सचिवालय के मीडिया रुम में बैठकर पत्रकार बंधु खबरो का आदान-प्रदान अपने संस्थानों को करते हैं, साथ ही चुनावी कवरेज को बेहतर दिखाने में मीडिया निर्णायक बेहद भूमिका निभाता है, इसके बावजूद मीडिया रुम पर ताला लटकाना हैरत की बात है, क्योंकि नए साल पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के नए आई कार्ड इश्यू होने होते हैं, साथ ही सरकार द्वारा अन्य सुविधाओं का भी यहीं केन्द्र है, इसके बावजूद यहां पर ताला लटकाना अशोभनीय है, साथ ही स्थानीय कर्मचारी ने साफ कह दिया कि मरम्मत कार्य की वजह से मीडिया रुम बंद किया गया है, लेकिन मरम्मत टेंडर के ना होने पर कर्मचारी बगले झांकने लगता है, साथ ही सचिवालय परिसर मीडिया रुम बंद होने से सभी पत्रकारों में भारी

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# मुख्यमंत्री आवास का मुद्दा गरमाया

## आप नेताओं की पुलिस से झड़प; भाजपा ने आतिशी को बंगले वाली देवी बताया





**नई दिल्ली**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री आवास का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा लगातार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीश महल (सरकारी आवास) पर करोड़ों रुपये खर्च करने को लेकर घेर रही है। वहीं आम आदमी पार्टी (आआपा) मुख्यमंत्री आतिशी का बंगला खाली कराने को लेकर भाजपा पर हमलावर हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को आआपा सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के सिविल लाइन स्थित आवास के बाहर धरना दिया। इसके बाद दोनों नेता सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के सरकारी आवास के पास धरने पर बैठ गए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री का सरकारी आवास कोरोना काल के दौरान बना था

## पूर्व निगम पार्षद हसन ने समर्थकों के साथ आप में की वापसी

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आआपा) को छोड़कर गए हसीब उल हसन बुधवार को पार्टी में लौट आए। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि हसीब उल हसन और उनके साथियों के आने से गांधी नगर समेत आस पास की विधानसभाओं में भी




आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। ये लोग गांधीनगर से पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि गांधी नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी के प्रयासों से पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन और उनके साथ सैकड़ों साथी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं।

इससे न सिर्फ गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में बल्कि आस-पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। मैं हसीब उल हसन के साथ आआपा में शामिल हो रहे डॉ. रईस हाजी मुस्तकीम, अछन प्रधान, नजाकत हुसैन समेत इनके तमाम साथियों का पार्टी में स्वागत करता हूं।

## संदीपन घाट पुलिस ने दो वारंटी को दबोचा







**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। संदी**पन घाट पुलिस ने वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना संदीपनघाट थाने के चौकी प्रभारी शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त शनि निषाद पुत्र गुलाब निषाद निवासी कुरई थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० अनुराग सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त दिनेश पुत्र कल्लू निवासी कशिया पूरब थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी